NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :06, अंक :–17, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 23 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

## नीट पेपर लीक प्रकरण पर संसद भवन के मकर द्वार पर हंगामा

# आमने-सामने सत्ता पक्ष और विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को संसद भवन परिसर में एनडीए और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इंडिया ब्लॉक के सांसदों के सामने एनडीए के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनडीए सांसद पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं। वहीं इंडिया ब्लॉक नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहा है। संसद के भीतर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

देश भर में इन दिनों नीट लीक मामले को लेकर लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता समेत कई नेताओं ने प्रधानमंत्री निवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच गुरुवार को भाजपा के नेताओं ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में चर्चा से बचने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि वे आगे आकर संसद में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर वे बहस में भाग लेते हैं तो उनका दोहरापन उजागर हो जाएगा। नवीन की ये टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस पोस्ट के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कागजात लीक में शामिल लोगों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित अदालतों की स्थापना की बात कही थी। उन्होंने आगे कहा, 'हम खुली चुनौती देते हैं।



## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर पलटवार, दोहराई तीन मांगें

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला है। कुछ देर पहले पीएम मोदी ने पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आदेश दिया है। पीएम मोदी ने ये जानकारी एक्स पर साझा की, जिस पर रिपोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा – आपने ही हमारे युवाओं के भविष्य को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। आपने न सिर्फ हमारी शिक्षा प्रणाली पर पूरा कब्जा होने और उसे बर्बाद होने दिया, उसे बढ़ावा भी दिया – और इसके जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया।

## दोषियों को जल्द सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक मामलों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देश के युवाओं का हित और उनका भविष्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा, पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने, मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित विभागों और अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दे दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा, विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की श्रृंखला में ये एक अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



## अभिजीत दीपके का आरोप- भाजपा के गुंडे पत्थरबाजी कर रहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। गुरुवार सुबह से ही हजारों लोग वहां जमा हैं। पार्टी प्रमुख अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि भाजपा के भेजे गुंडे प्रदर्शनकारियों के बीच आकर पत्थरबाजी कर रहे हैं।

दरअसल गुरुवार रात को जंतर-मंतर से एक किमी दूर पुलिस और प्रदर्शनकारी में झड़प हुई थी। पुलिस पर पत्थरबाजी के बाद लाठीचार्ज किया गया था। इसमें 2 एसीपी समेत 5 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने सुबह दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए। इनमें सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन भी शामिल है। इसका मामला अब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत के सामने पहुंचा। सीजेआई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर दखल दूंगा। बुधवार रात 8:30 बजे के करीब छात्रों और पुलिस में झड़प हो गई।



# मातम में बदली शादी की खुशियां

## तालाब में गिरी बारातियों की कार, 5 लोगों की मौत, 2 बचाए गए

**ढेंकानाल।** ओडिशा के ढेंकानाल जिले में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। यहां बारातियों से भरी कार तालाब में गिर गई जिस कारण 5 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में 2 लोगों को बचा लिया गया है।

ओडिशा के ढेंकानाल जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार, बारातियों से भरी एक महिंद्रा एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर एक तालाब में जा गिरी। इस हादसे में पांच बारातियों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आइए जानते हैं कि इस हादसे के बारे में अब तक क्या पता लगा है।



जानकारी के मुताबिक, बांगुरसिंह गांव निवासी अभिषेक साहू की शादी ढेंकानाल सदर थाना क्षेत्र के इंदुपुर गांव निवासी रोहित कुमार पृष्टि की बेटी के साथ तय हुई थी। शादी में शामिल होने के लिए बांगुरसिंह गांव से कई वाहनों में बाराती इंदुपुर जा रहे थे। इसी दौरान बारातियों से भरी एक कार रात के अंधेरे में रास्ते में अनियंत्रित हो गई और सीधे एक बांध के पानी में जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग पानी में फंस गए और दम घुटने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

इस हादसे में मृतकों की पहचान बांगुरसिंह गांव के 25 वर्षीय राम साहू, 26 वर्षीय अविनाश साहू, 25 वर्षीय राकेश कुमार साहू, 27 वर्षीय चंद्रकांत स्वाईं और दूल्हे के मौसी के बेटे अभिजीत साहू के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद कार को पानी से बाहर निकाला। वहीं, सूचना मिलने पर ढेंकानाल सदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ढेंकानाल जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया। चश्मदीद दुवार्सा साहू ने कहा,₹बाराती बांगुरसिंह से इंदुपुर आ रहे थे। छाटिया के पास एक मोड पर एक तालाब है, जिसमें इनकी कार घुस गई। हम जब मौके पर पहुंचे तो हमनें देखा कि कार तालाब में डूबी हुई थी। हम 4/5 लोगों ने तलब में घुस कर लोगों को बचाने की कोशिश की लेकिन हम असफल रहे। इसके बाद सभी ग्रामीण मौके पर पहुंचे पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी और किसी के अंदर जान नहीं बची थी। 5 लोगों की मौत हुई है। कार में कुल 7 लोग सवार थे। 2 लोग किसी तरह से बाहर आ गए पर डोर लॉक हो जाने की वजह से बाकी के 5 लोग नहीं निकल पाए और उनकी मौत हो गई।₹ बता दें कि इससे पहले ओडिशा के बालासोर जिले से भी हादसे की खबर सामने आई थी। धान के पौधों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आने के कारण दो लोगों की मौत हो गई।

# ईरान पर लगातार 11वें दिन टूटा अमेरिका का कहर



**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने ईरान के खिलाफ लगातार 11वीं रात भी सैन्य कार्रवाई जारी रखते हुए कई अहम सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि इस ऑपरेशन में ईरान के सैन्य संचालन केंद्रों, समुद्री सैन्य क्षमताओं, विमान हैंगरों, ड्रोन स्टोरेज सेंटर्स और सैन्य रसद से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांडने अपने बयान में कहा कि यह अभियान 21 जुलाई को रात 8:15 बजे पूरा हुआ। इसका उद्देश्य 'स्टेट ऑफ होर्मुज' में गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों को खतरा पहुंचाने की ईरान की क्षमता को और कमजोर करना था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, '21 जुलाई को रात 8:15 बजे अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ लगातार 11वीं शाम की सैन्य कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की।' अमेरिकी सेना ने दावा किया कि पिछले 3 महीनों में ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले 30 से अधिक कमर्शियल जहाजों पर हमले किए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इन हमलों को 'बिना किसी उचित कारण के' बताया और कहा कि इससे सैकड़ों नागरिक नाविकों की सुरक्षा खतरे में पड़ी तथा समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही प्रभावित हुई। बता दें कि होर्मुज पर नियंत्रण को लेकर लगातार अलग-अलग दावे सामने आते रहे हैं।

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों का एक्शन

# लश्कर के दो आतंकियों के मकान ध्वस्त

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिसकर्मी आशिक हुसैन कुरैशी की आतंकी हमले में वीरगति के एक दिन बाद प्रशासन और सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों के मकानों को ध्वस्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने जीएनएस को बताया कि अनंतनाग के गुरी निवासी और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी आदिल अहमद थोकर के नए मकान को गुरुवार को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात एक अन्य कार्रवाई में बिजबेहाड़ा के हसनपोरा तवेला निवासी अब्दुल रशीद गनई के बेटे हारून रशीद गनई के एक मंजिला रिहायशी मकान को भी ध्वस्त कर दिया गया। हारून वर्ष 2018 से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा सक्रिय आतंकी बताया गया है। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस, एक राष्ट्रीय राइफल्स (फ्फ) और सीआरपीएफ की 90वीं बटालियन ने संयुक्त रूप से की। गौरतलब है कि बुधवार को हुए आतंकी हमले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान आशिक हुसैन कुरैशी वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके बाद सुरक्षाबलों ने यह कार्रवाई की।



नीट पेपर लीक पर जहां दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन हो रहा है वहीं आज बिहार की राजधानी पटना में भी छात्रों के प्रदर्शन के दौराव जमकर बवाल हुआ। पटना के सबसे प्रमुख डाकबंगला चौराहा और आसपास का इलाका बुधवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें कीं और लाठीचार्ज किया।

# सबसे उम्रदराज सपा विधायक आलमबदी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत हो गया है। समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता और आजमगढ़ जिले की निजामाबाद सीट से पांच बार विधायक रहे आलमबदी आजमी का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे आजमी ने अपने गृह जनपद आजमगढ़ में अंतिम सांस ली। आलमबदी आजमी को उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता था। उनके निधन की खबर से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा दुख व्याप्त है।



# अहमदाबाद-मुंबई रूट पर 7 ट्रेनें रद्द, एमपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में आज भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश के 3 स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में लगातार 60 घंटे से बारिश हो रही है।

वहीं, गुजरात के सूरत में 4 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। भेड़ावल और सीमादा नदियां उफान पर हैं। अन्य नदियां भी खतरनाक स्तर पर बह रही हैं। 2,244 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। 3 जिलों में बारिश का रेड,11 जिलों में ऑरेंज और 10 जिलों में यलो अलर्ट है।

यूपी में आज 69 जिलों में बारिश का अलर्ट है। उधर, असम में बाढ़ से 6.53 लाख लोग प्रभावित हैं। 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई। अब तक मृतकों की संख्या 41 पहुंच गई है। गुजरात के तापी जिले के व्यारा में भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन गए। तालाब से पानी छोड़े जाने और मिंढोला नदी के उफान पर आने से निचले इलाके में पानी भर गया, जिससे शहर में लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

सूरत में सुबह 4 बजे से 8 बजे के बीच 4 इंच बारिश हुई। ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण भेड़ावल और सीमादा नदियां उफान पर हैं। अन्य नदियां भी खतरनाक स्तर पर बह रही हैं। सूरत में नदियों के किनारे रहने वाले 2,244 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।



आज यानी 23 जुलाई मध्य गुजरात के 3 जिलों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं 11 जिलों में ऑरेंज और 10 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**अगले 2 दिन के मौसम का हालः**

24 जुलाईः सेंट्रल महाराष्ट्र में ओरेंज अलर्ट है। ईस्ट राजस्थान में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारी बारिश का अलर्ट है। बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, आंध्रप्रदेश में यलो अलर्ट है। कर्नाटक, तेलंगाना और कोस्टल आंध्रप्रदेश में तेज हवाएं चल सकती हैं।

25 जुलाईः मध्यप्रदेश,वेस्ट राजस्थान,पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, नगालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड में भारी बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ और ईस्ट राजस्थान में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है। मराठवाड़ा, सेंट्रल महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ईस्ट उत्तरप्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी। (प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया



# गोवर्धन में मुड़िया पूर्णिमा मेला शुरू

## आज से 29 जुलाई तक चलेगा 470वां राजकीय मेला, 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना


एनएनआई

**मथुरा।** गोवर्धन में विश्व प्रसिद्ध 470वां राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला शुरू हो गया है। 23 जुलाई से 29 जुलाई तक चलने वाले इस सात दिवसीय मेले में 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

मेला क्षेत्र को 9 सुपर जोन, 22 जोन और 64 सेक्टरों में बांटा गया है? सुरक्षा के लिए 5,000 से अधिक पुलिसकर्मी, पीएसी और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा, 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों और कई वॉच टावरों के जरिए हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। भारी भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) द्वारा 1,100 से अधिक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 16 अस्थायी चिकित्सा शिविर, 14 एम्बुलेंस और पर्याप्त पेयजल व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है।

**मत्था टेकने और दंडवती पर भी रोक**

इस बार दंडवती परिक्रमा और ई-रिक्शा समेत सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों पर रोक रहेगी। मेले के दौरान गोवर्धन धाम में पग-पग पर आस्था का सैलाब देखने को मिलेगा।





प्रशासन और प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं पर गौर करें तो इस बार केवल वही लोग 21 किलोमीटर की परिक्रमा कर पाएंगे जो पैदल चलने में सक्षम होंगे, क्योंकि वाहनों से परिक्रमा लगाने वालों को इस बार अनुमति नहीं दी गई है। प्रशासन के अनुसार, सात-आठ दिन में 80 लाख से एक करोड़ भक्तों के आने का अनुमान है। यूपी प्रशासन और राजस्थान के डीग प्रशासन ने मिलकर व्यवस्थाएं की हैं। उधर, मानसी गंगा में स्नान के लिए फव्वारे की व्यवस्था भी की गई है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को लगने वाला यह मेला गुरु एवं गिरिराज महाराज की भक्ति को समर्पित है। बारिश के चलते सुहावने मौसम में अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित मुड़िया मेले में श्रद्धालु दानघाटी मंदिर या परिक्रमा मार्ग में मत्था नहीं टेक पाएंगे और न ही दंडवती परिक्रमा लगा पाएंगे। प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु सभी प्रमुख स्थलों पर हाथ जोड़कर ही आगे बढ़ते रहेंगे। दरअसल, मुड़िया मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन धाम पहुंचते हैं और सप्तकोसीय परिक्रमा लगाते हैं। प्रशासन को इस बार और ज्यादा भीड़ आने की उम्मीद है। ऐसे में प्रशासन ने नई रणनीति तैयार की है, जिसके तहत श्रद्धालु दानघाटी मंदिर से शुरू होने वाले परिक्रमा स्थल पर कोई भी श्रद्धालु न तो मत्था टेक पाएगा और न ही दंडवती परिक्रमा कर पाएगा। प्रशासन की ओर से इसके लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। ये पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को दंडवत करने से रोकेंगे। साथ ही प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि व्यवस्था में सहयोग करें। एसडीएम गोवर्धन सुशील कुमार सिंह ने बताया कि भीड़ ज्यादा होने की उम्मीद के कारण इस बार दंडवत परिक्रमा पर रोक रहेगी। आने वाले श्रद्धालु भी मेला में सहयोग करें। वे आराम से गिरिराज जी की परिक्रमा लगाएं। गिरिराज महाराज को हाथ जोड़कर प्रणाम करें और आगे बढ़ते रहें।

## गीली मिट्टी व पानी के बीच नंगे पैर आश्रम पहुंचे विराट-अनुष्का

एनएनआई

**वृंदावन (मथुरा)।** गुरू पूर्णिमा पर अपने गुरुदेव संत प्रेमानंद के प्रति श्रद्धा अर्पित करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली बुधवार को पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे। यहां यमुनापार एकांतवास में साधना कर रहे संत प्रेमानंद के पास दर्शन को पहुंचे और गुरू पूजन किया। इसके बाद विराट और अनुष्का संत प्रेमानंद के गुरू गौरांगी शरण के दर्शन व पूजन करने के लिए उनके आश्रम पहुंचे। लगभग तीन घंटे वृंदावन में रहने के बाद विराट अनुष्का गंतव्य के लिए चले गए।

सुबह सात बजे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा यमुना पार बेलवन में संत प्रेमानंद के यमुना विहार कुंज आश्रम पहुंचे। यहां संत प्रेमानंद के दर्शन कर विराट व अनुष्का ने उनका पूजन किया।

लगभग एक घंटे आश्रम में रहने के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा यमुना विहार कुंज आश्रम से वृंदावन के लिए रवाना हुए। यहां बाराहघाट स्थित संत प्रेमानंद के गुरुदेव गौरांगी शरण के आश्रम



पहुंचे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को देख लोगों ने वीडियो बनाने शुरू कर दिए। ऐसे में विराट व अनुष्का के सुरक्षागार्डों व आश्रम के साधकों ने सुरक्षा घेरा बनाया और आश्रम तक उन्हें पहुंचाया। यहां आश्रम में विराट व अनुष्का ने संत गौरांगीशरण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे गंतव्य को चले गए।

## 4 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार, कई राज्यों में फैला था ठगी का रैकेट

एनएनआई

**हाथरस।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले 4 शातिरों को गिरफ्तार किया है। यह ऑनलाइन ट्रेडिंग करने हेतु प्रचार-प्रसार कर लोगों को पैसों का लालच देकर खाता खुलवाते थे। कई राज्यो से फ्रॉड करके अपने खातों में पैसे डलवाकर फ्रॉड करते थे।

पुलिस को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से मिली शिकायतों की जांच के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एक खाते में विभिन्न राज्यों (तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना) से काफी रुपया आने का पता चला। इसके बाद खाताधारक सत्यवीर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आज बुधवार की दोपहर 12:30 बजे इसका खुलासा करते हुए एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि एक गिरफ्तार आरोपी मनीष निवासी पोरा ने बताया कि वह लोगों को पैसों का लालच देकर बैंक खाते खुलवाता था।

उन्हें दीपू पुंडीर व प्रदीप पुंडीर को उपलब्ध कराता था। इसके लिए उसे प्रत्येक चालू खाते के बदले 2 लाख रुपये मिलते थे। मनीष ने सत्यवीर का बैंक ऑफ महाराष्ट्र की हाथरस शाखा में खाता खुलवाया था, जिसके लिए सत्यवीर को 20,000 रुपये दिए गए थे। चालू खाता खुलवाने के लिए ग्राम इटरनी में 'जगदंबा एंटरप्राइजेज' नाम से फर्जी फर्म बनाई गई, जिसका पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और जीएसटी नंबर लिया गया। बाद में इसी चालू खाते की लिमिट भी बढ़ाई गई।

## फिरोजाबाद के कठुआ रेलवे स्टेशन का बदला नाम, अब 'शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ' के नाम से होगी पहचान

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** भारतीय रेलवे ने जम्मू मंडल के कठुआ रेलवे स्टेशन का नाम बदल दिया है। अब यह स्टेशन 'शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ' के नाम से जाना जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। हालांकि, स्टेशन का कोड एमसेकेटी पहले की तरह ही रहेगा।

प्रयागराज मंडल की जनसंपर्क अधिकारी रागिनी सिंह ने बताया कि रेलवे की टिकटिंग और आरक्षण प्रणाली में स्टेशन का नया नाम अपडेट किया जा रहा है। हिंदी में 'शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ' प्रदर्शित होगा। यात्रियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन टिकट बुकिंग के दौरान नए नाम का ही उपयोग करना होगा।




रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि भ्रम की स्थिति से बचने के लिए यात्रा से पहले स्टेशन के नए नाम की जानकारी अवश्य कर लें। रेलवे के अनुसार, सभी संबंधित रिकॉर्ड और प्रणालियों में नाम परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेल अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि केवल स्टेशन का नाम बदला गया है, जबकि स्टेशन कोड एमसेकेटी पहले की तरह ही रहेगा। इससे टिकट बुकिंग और आरक्षण प्रक्रिया में किसी प्रकार की तकनीकी दिक्कत नहीं होगी। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा से पहले अपनी टिकट और स्टेशन का विवरण एक बार अवश्य जांच लें, ताकि नए नाम को लेकर किसी तरह की असुविधा या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

# दर्दनाक हादसा: नहाते समय पानी के गड्ढे में डूबे दो छात्र

## दोनों बच्चों की मौत से परिवार में मचा कोहराम

एनएनआई



**आगरा।** किरावली थाना क्षेत्र के पांच छात्र अरावली पहाड़ में मिट्टी खनन से हुए गहरे गड्ढों में भरे बारिश के पानी में नहाने गए थे। नहाते वक्त पांचों किशोर गहरे पानी में डूब गए। तीन छात्र तैरकर बाहर निकल आए, जबकि दो छात्र बाहर नहीं निकल सके। सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस को सूचना दी, लेकिन किरावली और अछनेरा पुलिस छात्रों को गड्ढे से बाहर निकालने के बजाए सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में दोनों थानों की पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंचे। दोनों छात्रों को गड्ढे से बाहर निकलवाकर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों किशोरों को मृत घोषित कर दिया।

घटना दोपहर लगभग 1.30 बजे की है। पुलिस के अनुसार, गांव नगला मंशा निवासी देव मोहन (15) पुत्र ईश्वरी प्रसाद, गांव मंगूरा निवासी करन सिंह (14) पुत्र रामेंद्र सिंह, रायभा निवासी राहुल (14) पुत्र सोनपाल, रायभा निवासी अंशु (15) पुत्र सोनू और गोपऊ निवासी लवकेश (14) पुत्र राजकुमार रायभा, अछनेरा के लॉर्ड शिवा पब्लिक स्कूल में नौवीं कक्षा के छात्र हैं। पांचों छात्र आपस में दोस्त हैं। बुधवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद पांचों दोस्त अरावली पहाड़ में मिट्टी खनन से हुए गहरे गड्ढों में भरे बारिश के पानी में नहाने चले गए। नहाते समय पांचों दोस्त डूबने लगे। राहुल, अंशु और लवकेश तैरकर गड्ढे से बाहर निकल आए, जबकि देवमोहन और करन डूब गए। बाहर निकलकर तीनों छात्रों ने गांव वालों को सूचना दी। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

बच्चों के परिजन ने अछनेरा और किरावली दोनों थानों की पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब आधा घंटे तक दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। एक-दूसरे का थाना क्षेत्र बताते हुए मामले को टालती रही। बाद में दोनों थानों की पुलिस, एसडीएम किरावली अभिनव पाठक, तहसीलदार किरावली दीपांकर मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से दोनों छात्रों देवमोहन और करन को गड्ढे से बाहर निकालकर सीएचसी अछनेरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**बुझ गया रामेंद्र के घर का चिराग**

मृतकों में देवमोहन दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता मार्बल का काम करते हैं, जबकि करन अपने किसान पिता रामेंद्र का इकलौता बेटा था। करन की मौत से परिजन गहरे सदमे में हैं। हादसे से उनके घर का चिराग बुझ गया। दोनों छात्रों को मृत घोषित किए जाने के बाद भी बदहवास परिजन उम्मीद लगाए रहे और बच्चों को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाने पर अड़ गए। पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में दोनों छात्रों के शवों को एसएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।

**खनन से बने गड्ढे बन गए मासूमों का काल**

हादसे के बाद दो छात्रों की मौत से ग्रामीण गुस्से में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अरावली पहाड़ों के आसपास लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन चल रहा है। मिट्टी के अवैध खनन की वजह से ही जानलेवा गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो बुधवार को देवमोहन और करन का काल बन गए।

**हादसे की जांच की जा रही**

हादसे में जान गंवाने वाले देवमोहन और करन के परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की कह रहे हैं। अभिभावकों की बात मानी जाएगी। मामले की जांच शुरू कर दी है।

**-शैलेंद्र सिंह, एसीपी अछनेरा**

## राज चौहान हत्याकांड में छह महीने से फरार आरोपी गिरफ्तार



**आगरा** एनएनआई। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया स्थित एसएन स्टे गेस्ट हाउस में 23 जनवरी को हुए चर्चित राज चौहान हत्याकांड के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब छह माह से फरार चल रहे आरोपी आर्यन को ट्रांस यमुना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी आर्यन निवासी सीता नगर, रामबाग, थाना एत्माद्दौला का रहने वाला है और इस हत्याकांड में वांछित था। उसकी तलाश में पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी हनुमान नगर पुलिया के पास मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## शराब के नशे में हैवान बना पति, रस्सी से गला घोंटकर पत्नी को मरणासन्न छोड़ा

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने घटना के दो दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने और रस्सी से गला घोंटने का आरोप है। पीड़िता अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब 13 वर्ष पूर्व उनकी बेटी का विवाह कालिंदी विहार निवासी सोनू तोमर से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही सोनू शराब पीकर आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था। 20 जुलाई को आरोपी ने अपनी बहन के साथ मिलकर पत्नी का रस्सी से गला दबा दिया। महिला के बेहोश होने पर दोनों उसे मृत समझकर वहां से चले गए। बाद में आरोपी की बहन ने ही घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके मायके वालों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को 80 फुटा रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी के पास से सोनू तोमर को गिरफ्तार कर लिया।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## ताजमहल पर महिला पर्यटक की टूट गई हड्डी, सांप भी निकला

**आगरा** एनएनआई। ताजमहल में बुधवार को असम से आई महिला पर्यटक अपर्णा मुख्य गुंबद की सीढ़ियों से उतरते समय गिरकर घायल हो गईं। उनके हाथ की हड्डी टूट गई है। यह हादसा तब हुआ जब एक अन्य पर्यटक का पैर उनके जूते के कवर पर पड़ गया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उन्हें ताजमहल परिसर के औषधालय पहुंचाया। डॉ. सौरव शुक्ला ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रोगी वाहन से जिला अस्पताल भेजा।

ताजमहल परिसर में बुधवार को मुख्य परिसर स्थित गार्डन में सांप रेंगता नजर आया। इससे देसी-विदेशी पर्यटकों में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। बुधवार दोपहर पर्यटक स्मारक के बगीचे के साथ फोटो शूट करा रहे थे। तभी गार्डन में सांप दिखाई दिया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत पर्यटकों को सुरक्षा के लिहाज से दूरी बनाए रखने की हिदायत दी। सुरक्षित खाली जगह पाकर सांप झाड़ियों में चला गया। इसके बाद पर्यटकों का भ्रमण सुचारू रूप से शुरू हो गया।

## 51 साल पुरानी सात दुकानें ढहाएगा नगर निगम

### सुभाष बाजार में हुए हादसे के बाद उठाया जा रहा कदम

एनएनआई



**आगरा।** सुभाष बाजार में 51 साल पूर्व महावीर नाला पर बनी आठ में सात दुकानें टूटेंगी। नगर निगम प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों को तोड़ने के लिए तीन से चार बैकहो लोडर और दो चेन मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। मलबा उठाने के लिए पांच से छह ट्रकों का प्रयोग होगा। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद भी सात में तीन दुकानदारों ने दुकानों को खाली किया है।

आठ जुलाई को गिरी दोमंजिला दुकान का मलबा भी हटाया जाएगा। दुकान नाले में समा गई थी। इससे एक महिला की मौत हो गई थी। नगर निगम की शहर में 500 दुकानें हैं। इसमें सुभाष बाजार भी शामिल है। महावीर नाले पर आठ दुकानों का निर्माण 51 साल पूर्व हुआ था। इसमें अधिकांश दुकानें कपड़े की हैं। इनका किराया 100 रुपये प्रति माह है।

आठ जुलाई की दोपहर तीन बजे राधास्वामी क्लॉथ स्टोर नाले में समा गई थी। स्लैब टूटने से छह लोग भी नाले में गिर गए थे जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। जांच में पाया गया कि दुकानों का स्लैब कमजोर हो चुका है। दुकानें बनी होने के कारण महावीर नाला की ठीक से सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे में सात दुकानों को तोड़ा जाएगा।

नगर निगम प्रशासन ने पिछले सप्ताह सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। सप्ताहभर में दुकानों को खाली करने के लिए कहा गया था। तीन दुकानदारों ने दुकानों से सामान हटा लिया है। चार दुकानदार लगातार समय मांग रहे हैं। अपर नगरायुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि जल्द ही सात दुकानों को तोड़ा जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। दुकानदारों को पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेवर्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 23 जुलाई, 2026


# सीएम योगी का आगरा दौरा: 421 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

## 25 जुलाई को टाटा ग्राउंड में जनसभा, 53 विकास परियोजनाओं का होगा शिलान्यास और लोकार्पण

- 26 जुलाई को आंबेडकर विश्वविद्यालय में 'कैशलेस योजना' का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री
- नगर आयुक्त ने प्रस्तावित रूट का किया निरीक्षण, 24 घंटे पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 और 26 जुलाई को आगरा के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। उनका यह दौरा जनपद आगरा के लिए विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे फतेहाबाद रोड स्थित टाटा ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां उनका मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित है। टाटा ग्राउंड में मुख्यमंत्री 421.01 करोड़ रुपये की लागत वाली 53 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और 16 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। जनसभा को संबोधित करने से पहले वे वहां लगी सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिला व नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर आयुक्त संतोष कुमार वैश्य ने अधिकारियों के साथ रमाडा से लेकर टाटा ग्राउंड, सर्किट हाउस, शाहजहां गार्डन, अवंतीबाई चौराहा, यमुना किनारा और नेशनल हाईवे होते हुए खंदारी कैंपस तक पूरे रूट का स्थलीय निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने सड़कों के गड्ढे तत्काल भरने, पैच वर्क कराने, विशेष सफाई अभियान चलाने, बिजली के झुके हुए पोल सीधे करने और क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत कर रंगाई- पुताई के सख्त निर्देश दिए हैं।



# सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों को दिया मिशन 2027 का लक्ष्य



- भारतीय जनता पार्टी उत्तर विधानसभा का हुआ मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ सम्मेलन

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन श्री राम कृष्ण कन्या विद्यालय ,बल्केश्वर में आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ,विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,नीतेश शिवहरे,दीपू जादोन,विजय भदौरिया आदि ने किया। मुख्य अतिथि आलोक गुप्ता ने बूथ अध्यक्षों को जमीन पर उतरकर सभी सूचियों को दुरुस्त कर ,सभी विचार परिवार,जातिगत नेता,सभी दलों के प्रभावशाली व्यक्तियों,अनुसूचित वर्ग मतदाता,लाभार्थी ,जरूरतमंद लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलवाना,मन की बात की बैठक हर माह करवाना,महापुरुषों की जयंती पर कार्यक्रम करना हर माह करवाना करना बताया। बैठक को विधायक पुरषोत्तम खंडेलवाल एवं भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी के संघर्षशील, तपे तपाए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और राष्ट्र प्रथम की भावना से पार्टी के हर अभियान और चुनाव में तन, मन, धन से सहयोग कर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का व्रत दिलवाया। उत्तर विधानसभा के सम्मेलन में मुख्य रूप से आलोक गुप्ता,पुरषोत्तम खंडेलवाल, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,नीतेश शिवहरे, दीपू जादोन, विजय भदौरिया,मनमोहन कुशवाह, रोहित कत्याल,विक्रांत तिवारी,करुणा निधि गर्ग,अंजू गर्ग,योगेश दिवाकर, राकेश शर्मा,राहुल जैन,शिव शैलेन्द्र,अमित बंसल, टी एन चौहान,सोनू दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

# सेनापति बन हर चुनाव जिताने में सहयोगी होते है बूथ अध्यक्ष

- 2027 के रण में बूथ अध्यक्षों का योगदान फिर से होने वाला है अहम

एनएनआई

**आगरा।** महानगर की छावनी विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एस एन जे गोल्ड, फतेहाबाद रोड पर आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि रवि कांत गर्ग,विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे,रोहित कत्याल, प्रवीन जैन आदि ने किया।वंदे मातरम् के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि रवि कांत गर्ग ने बड़ी संख्या में उपस्थित बूथ अध्यक्षों को




संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव में ही नहीं पार्टी के पूरे साल चल रहे अभियानों में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को जोड़कर सेवा लेती है और चलायमान रखती है।हर बूथ पर पार्टी के लाभार्थी,सामाजिक संस्थाओं के मुखिया,पार्टी के जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ वर्तमान एवं पूर्व कार्यकताओं का सामंजस्य बनाने में बूथ अध्यक्ष का विशेष योगदान है। 2027 के रण में बूथ अध्यक्षों का योगदान फिर से अहम होने वाला है। मंच को विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश,एवं भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया और कार्यकताओं में जोश भर के 2027 की विजय को विराट करने का लक्ष्य दिया। मुख्य रूप से मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री रविकांत गर्ग,विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे,राहुल सागर,रोहित कत्याल, नेहा गुप्ता, अंजू गर्ग, डॉक्टर निधि शर्मा,माधुरी माहोर,विकास भारद्वाज, प्रवीन जैन,हेमा चौहान,शोभाराम राठौर,मोहन सिंह लोधी,सुधीर राठौर,गया प्रसाद लोधी,विवेक लोधी,मनीष अग्रवाल,विजय बंटी,जय सिंह सरदारा,सिंधु गुप्ता,हेमा चौहान, रमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।




# डॉ. शुभदा पाण्डेय की पुस्तक 'साहित्य साधनाः विविध आयाम' का लोकार्पण

- देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों का सजा साहित्य का मंच

एनएनआई

**आगरा।** सामाजिक संस्था 'लीडर्स आगरा' के तत्वाधान में आज होटल भावना क्लार्क पैलेस के सभागार में एक भव्य पुस्तक लोकार्पण एवं लेखक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर देश की प्रख्यात शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शुभदा पाण्डेय की बहुचर्चित पुस्तक "शुभदा पाण्डेय की साहित्य साधनाः विविध आयाम" का गरिमामय लोकार्पण हुआ। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के



विभिन्न प्रांतों से वरिष्ठ साहित्यकार और विद्वान आगरा पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया, जिसके बाद सभी आगंतुक अतिथियों और साहित्यकारों का गर्मजोशी से स्वागत-समान लीडर्स आगरा के अध्यक्ष डॉ पार्थसारथी शर्मा ने किया। लीडर्स आगरा के महामंत्री सुनील जैन ने डॉ. शुभदा पाण्डेय के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी लेखनी ने साहित्य जगत को समृद्ध किया है। उनकी कालजयी कृतियों जैसे 'स्वर्णमृगी सपनो के पाखी' (विश्व के सौ पक्षियों पर आधारित) और 'मेरी शिल्पकार है रचनाएँ' ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। डॉ. पाण्डेय की 50 से अधिक प्रकाशित पुस्तकों में से 'सरकंडे के फूल', 'श्री हनुमत स्तुति', 'पर्यावरण से करें प्यार', 'मेले की सैर', 'पक्षी लोक', 'महाकुम्भ के माणिक', 'मृग मन', 'सरहद से' (भोजपुरी) और 'नैतिक शिक्षा के विविध आयाम' जैसी रचनाएं पाठकों और साहित्यकारों के बीच बेहद चर्चित और सराहनीय रही हैं।

# कन्या पूजन के साथ मां पीतांबरा से की विश्व कल्याण की प्रार्थना

## प्राचीन सीताराम मंदिर, वजीरपुरा में नौ दिवसीय विशेष अनुष्ठान का हुआ विधिवत समापन

एनएनआई



**आगरा।** प्राचीन सीताराम मंदिर, वजीरपुरा में गुप्त नवरात्र के उपलक्ष्य में नौ दिनों से चल रहे विशेष पूजन, रात्रि हवन एवं शक्ति साधना का समापन पूर्णाहुति, कन्या पूजन और भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न हुआ। अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन में पूर्णाहुति अर्पित कर मां पीतांबरा से सुख, समृद्धि, आरोग्य और विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

मंदिर के महंत अनंत उपाध्याय ने कहा कि गुप्त नवरात्र आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। नौ दिनों तक विधि-विधान से की गई मां भगवती की आराधना, जप, हवन और साधना से साधकों को आध्यात्मिक ऊर्जा, आत्मबल एवं देवी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि पूर्णाहुति केवल यज्ञ का समापन नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और संकल्प की पूर्णता का प्रतीक है। मनीष अग्रवाल ने बताया कि कन्या पूजन भारतीय सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। कन्याओं में मां आदिशक्ति का स्वरूप मानकर उनका पूजन करने से जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पूजन के उपरांत कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा एवं उपहार भेंट किए गए। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों ने मां पीतांबरा के जयकारों के बीच पूर्णाहुति में सहभागिता की। इस अवसर पर सुजाता अग्रवाल, वामिका, महिमा, अशोक गोयल, दीपक गोला, दीपक गुप्ता, शिप्रा, पंडित मुकेश शर्मा, ममता उपाध्याय, आयुष उपाध्याय, अरुण उपाध्याय, हनी, बॉबी, विक्रम आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जतंर-मंतर पर विद्यार्थियों पर हुए लाठी चार्ज के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

- अधिवक्ता करेंगे मानवाधिकार आयोग से लिखित शिकायत पहुंचेंगे दिल्ली

एनएनआई



**आगरा।** न्यायलय परिसर से एम जी रोड भारत माता प्रतिमा के समक्ष युवा अधिवक्ता संघ एवं भीम युवा एडवोकेटस एसोसिएशन का सांकेतिक प्रदर्शन किया। दिल्ली जंतर मंतर पर निःहथे छात्रों पर सरकार द्वारा लाठीचार्ज पर प्रदर्शन कर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे माँग की। बता दें कि दीवानी न्यायालय में प्रभातफेरी निकाल युवा अधिवक्ता संघ आगरा मण्डल अध्यक्ष नितिन वर्मा एडवोकेट एवं भीम युवा एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सिकन्दर सेहरा एडवोकेट के संयुक्त नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाल कर भारतमाता की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया इस दौरान अधिवक्ताओ के हाथों मैं, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, दोषी पुलिस पर कार्यवाही करो के बैनर हाथों में लगे थे. भारत माता की प्रतिमा पर सांकेतिक सभा करते हुए संघ के मण्डल अध्यक्ष नितिन वर्मा ने कहा कि निर्दोष छात्रों पर, जो कानूनी रूप से संविधान में प्रदत्त अधिकारों के लिये शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहें थे। उनके ऊपर लाठीचार्ज करना मनवाधिकारों का उल्लंघन हैं।

मनवाधिकारों के संरक्षण के लिये एवं छात्रों पर होने वाले लाठीचार्ज के कृत्य पर मानवाधिकार आयोग को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष नितिन वर्मा एडवोकेट, सिकन्दर सेहरा, राजेंद्र प्रसाद, कृष्ण मुरारी माहेश्वरी, ऋषि कुमार, प्रवेन्द्र सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, सुशील कुमार, अतुल करदम, देव कुमार, कोमल सिंह, कृपाल सिंह, एस पी सिंह बघेल, जीतेन्द्र कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह उपस्थित रहें।

# साई पुरसनाराम साहिब के श्रीचरणों में शीश नवाकर की सुख समृद्धि की कामना



**आगरा (एनएनआई)।** शाहगंज स्थित साध मोहल्ला रतूराम साहिब दरबार, सोरों कटरा में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ विशेष कीर्तन, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर साईं पुरसनाराम साहिब के श्रीचरणों में शीश नवाया और सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सिंधी महिला मंडली, शाहगंज ने भावपूर्ण भक्ति भजनों एवं सत्संग के माध्यम से साईं पुरसनाराम साहिब जी की महिमा का गुणगान किया, संपूर्ण दरबार भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा, इसके उपरांत श्रद्धापूर्वक आरती संपन्न हुई तथा सभी श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद एवं भंडारे का आनंद प्राप्त किया, इस अवसर पर साध तुलसीदास जी ने दरबार में पधारी समस्त संगत का आत्मीय सत्कार करते हुए साईं परिवार और साध संगत को लख लख बधाई देते हुए ,सभी को सेवा, सिमरन और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि संत महापुरुषों के दरबार समाज को प्रेम, सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश देते हैं, ऐसे धार्मिक सत्संग आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ साथ समाज में भाईचारे और एकता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं, हमें इन पावन परंपराओं से जुड़कर अपने जीवन को संस्कारवान बनाने का सतत प्रयास करना चाहिए। सेवा में मुख्य रूप से दरबार के साध तुलसीदास, समाजसेवी श्याम भोजवानी, नरेश लखवानी, चांदनी भोजवानी, शांती गंगवानी, गोपी हरपलानी, हेमलता, कविता पारवानी, कोमल, कविता,रितु वासवानी, विद्या लालवानी, कैला देवी, कमला देवी, जमुना देवी,रेखा देवी प्रकाश,श्याम सुन्दर, सुन्दरलाल आदि।

# कलश यात्रा में बही भक्ति और श्रद्धा की गंगा, बैंडबाजों पर झूमे भक्तजन

## फतेहाबाद रोड, राजदेवम में श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा 23-29 जुलाई तक आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा

**आगरा (एनएनआई)।** 23 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्रमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। विजय नगर स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लगभग 1000 से अधिक महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सिर पर कलश धारण किए और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल हुईं। प्रथम कलश मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी राधा गुप्ता के सिर पर रखा। बैंड-बाजों की धुन, जय श्रीश्याम और के जयकारों के बीच आगे बढ़ती इस यात्रा ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। कलश यात्रा में भगवान श्रीगणेश की मनोहारी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही श्याम बाबा का भव्य और



सुसज्जित डोला श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के विकास मांगलिक, अनिल कुमार गुप्ता, विनीत मांगलिक, ऋषिक मांगलिक, अर्पित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, मीतेश मित्तल, मोंटू भार्गव, संतोष शर्मा, जयश्री मांगलिक, अंजू मांगलिक, तनु मांगलिक, आकांक्षा गुप्ता, अनीता गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रेनू आदि उपस्थित थीं।

# चंद्रप्रभु जैन मंदिर में आचार्य संघ का मंगल प्रवेश, गूंजे जयकारे

- मंदिर परिसर में समाज के श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ आचार्य संघ का स्वागत किया

एनएनआई



**आगरा।** ट्रांस यमुना कॉलोनी स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर पंचायती जैन मंदिर में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। आचार्य श्री सौभाग्य सागर महाराज एवं आचार्य सुरत्न सागर महाराज ससंघ (8 पिच्छी) का मंदिर परिसर में मंगल प्रवेश हुआ। इससे पहले दोनों आचार्य गुदड़ी मंसूर खां से मंगल विहार कर मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में समाज के श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ आचार्य संघ का स्वागत किया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आचार्य श्री के मुखारविंद से मंगल प्रवचन हुआ। प्रवचन में श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने, संयम का पालन करने तथा सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने की प्रेरणा दी गई। प्रवचन के बाद सभी साधु-संतों की आहारचर्या संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने धर्म लाभ प्राप्त किया। समारोह में जगदीश प्रसाद जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, जितेंद्र जैन, धर्मेंद्र जैन, संदीप जैन, मोहित जैन, विप्लव जैन, वैभव जैन, पूजा जैन, तृप्ति जैन, प्रीति जैन, कंचन जैन, संगीता जैन और डिंपल जैन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को मिले निःशुल्क सहायक उपकरण



**आगरा (एनएनआई)।** इम्मानुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन (ई.एच.ए.) के यू.पी. अर्बन प्रोजेक्ट, आगरा द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), भारत सरकार के उपक्रम, के सहयोग से देवरी रोड स्थित रतन वाटिका में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व में चयनित 80 पात्र लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, कमर बेल्ट, सिलिकॉन कुशन सहित विभिन्न आवश्यक सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। इन उपकरणों से लाभार्थियों के दैनिक जीवन को अधिक सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन ई.एच.ए. के परियोजना अधिकारी राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि संस्था समुदाय स्तर पर जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सेवाएँ एवं संसाधन पहुँचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने जानकारी दी कि ई.एच.ए. एवं एलिम्को के संयुक्त सहयोग से पिछले एक वर्ष में विभिन्न समुदायों के 1,400 से अधिक दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एलिम्को से अमित कुमार एवं शुभांशु तथा ई.एच.ए. की टीम से राजकुमार, अदिति सिंह, सेल्विना, शालू, दीपिका, कैरीना एवं फिलोमीना का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# ब्राह्मण अपनी भागीदारी खुद तय करेगा: राजेंद्र त्रिपाठी

- अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज (रा०) की प्रबुद्ध जागरण यात्रा को लेकर आगरा में हुई भव्य बैठक
- राजनीतिक दलों पर जमकर बरसे राष्ट्रीय अध्यक्ष, कहा- बिना ब्राह्मणों के कोई नहीं बना सकता सरकार

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की ओर से 'प्रबुद्ध जागरण यात्रा' के संबंध में विजयनगर कॉलोनी स्थित कलेवा रेस्टोरेंट में एक महत्वपूर्ण आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज (रा०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेंद्र शर्मा और अनुज उपाध्याय ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया।


बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनुज उपाध्याय ने कहा कि समाज के सभी ब्राह्मणों को एकजुट रहना चाहिए ताकि हर व्यक्ति को समाज की वास्तविक शक्ति का अहसास हो सके। उन्होंने कहा कि जब ब्राह्मण एक होगा, तब हमारे छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा कार्य पूरी तत्परता के साथ संपन्न होंगे।

प्रदेश संरक्षक डॉ. दीपेश उपाध्याय ने कहा कि हमें समाज के बीच जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना होगा, तभी हम समाज की समस्याओं का स्थायी समाधान पा सकेंगे। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज ब्राह्मण समाज पर हर तरफ से अत्याचार हो रहा है, जिसका मुकाबला हमें डटकर करना होगा। इसके लिए अपनी शक्ति और संगठन को मजबूत करना ही एकमात्र विकल्प है।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने वर्तमान उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा समय में ब्राह्मणों का अति शोषण और अत्याचार हो रहा है। सरकारों द्वारा कई ब्राह्मणों के एनकाउंटर किए जा चुके हैं और समाज आर्थिक रूप से भी पिछड़ता जा रहा है, लेकिन सरकारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तमाम राजनीतिक दल ब्राह्मणों को लुभाने के लिए केवल लॉलीपॉप देने का प्रयास कर रहे हैं। आज ब्राह्मण 125 से अधिक सीटों पर चुनाव का रुख बदलने की ताकत रखता है, इसलिए सभी दल समझ चुके हैं कि बिना ब्राह्मणों के समर्थन के सरकार नहीं बन सकती। उन्होंने समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी समेत अन्य सभी राजनीतिक दलों को 'मारीच' की संज्ञा दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे ब्राह्मणों को पूरी तरह एकजुट करने में जुटे हैं और 136 संगठनों का नेतृत्व कर रहे हैं। समाज के संगठित होने के बाद ही सीटों की दावेदारी, सुरक्षा, संरक्षण और अधिकारों की बात सरकारों से की जाएगी। बैठक के दौरान संजय शर्मा, डॉ. दिवाकर तिवारी, वीरेंद्र दुबे, महेश शर्मा, राजीव शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, श्रीकांत पाराशर, लोकेश शर्मा और महेंद्र कटारा, विनोद शर्मा, नवनीत दीक्षित, बांके लाल शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आगरा मेट्रो के साथ अपना व्यवसाय बढ़ाएं, अपनी पहुंच बढ़ाएं

एनएनआई



**आगरा।** आगरा मेट्रो का लक्ष्य यात्रियों के लिए न केवल सुरक्षित और आरामदायक, बल्कि संपूर्ण और समावेशी यात्रा बनाना है। मेट्रो यात्रियों को सर्वोच्च यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए सभी मेट्रो स्टेशनों पर विभिन्न व्यावसायिक आउटलेट, फूड जॉइंट, रेस्टोरेंट आदि स्थापित करने की योजना है।

आगरा एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, ऐसे में दुनिया भर से पर्यटकों का भारी जमावड़ा रहता है। ऐसे ऐतिहासिक स्मारकों के निकट स्थित मेट्रो स्टेशनों (ताजमहल, डॉ. अंबेडकर चौक एवं मनकामेश्वर मेट्रो स्टेशन) पर को ब्रांडिंग स्पेस एवं स्टेशन के अंदर एडवरटाइजिंग हेतु टेंडर जारी किया गया है। साथ ही आने वाले स्टेशन (एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजा की मंडी, आरबीएस कॉलेज, आईएसबीटी) के लिए भी को ब्रांडिंग टेंडर जारी किया गया है।

यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए, यूपीएमआरसी सभी स्टेशनों पर जाने-माने व्यावसायिक ब्रांडों के आउटलेट लाने पर काम कर रहा है। इन सार्वजनिक परिवहन क्षेत्रों के लिए निविदा प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, यूपीएमआरसी प्रथम कॉरिडोर के मेट्रो स्टेशनों - ताज ईस्ट गेट, कैप्टन शुभम गुप्ता, ताजमहल, डॉ. अंबेडकर चौक मनकामेश्वर, मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजा की मंडी, आरबीएस कॉलेज एवं आईएसबीटी मेट्रो स्टेशनों पर सह-ब्रांडिंग और आंतरिक विज्ञापन अधिकारों के लाइसेंस के लिए भी आवेदन आमंत्रित कर रहा है। निविदा के लिए आवेदन (बोली) 04 अगस्त 2026 तक जमा किए जा सकते हैं।

## शिवदत्त गुप्ता के नेत्रदान से दो अंधकारमय जिन्दगीयां होगी रोशन

**आगरा एनएनआई।** फिरोजाबाद निवासी शिवदत्त गुप्ता (77) नसीरपुर वालों का निधन हो जाने पर उनके पुत्र संजय गुप्ता व राजीव गुप्ता ने श्री बजाजा कमेटी के संजीव गुप्ता से नेत्रदान प्रकिया पूरी कराने के लिए संपर्क किया।सूचना पर क्षेत्र बजाजा कमेटी की गाड़ी डाक्टर्स टीम के साथ क्रोनिया के लिए फिरोजाबाद गई। एस.एन. की आई बैंक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा व डाक्टर टीम द्वारा नेत्रदान प्रकिया पूरी कराई गई। कमेटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महासचिव राजीव अग्रवाल, प्रभारी विशनू जैन,मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने औंरो से भी नेत्रदान अभियान से जुड़ने की अपील की है।



## क्विज प्रतियोगिता के जरिए छात्रों को दी टीबी, एचआईवी की जानकारी

एनएनआई

**आगरा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यूथ फेस्ट क्विज (यूपीसेक) कार्यक्रम का आयोजन हरीपर्वत स्थित एमडी जैन इंटर कॉलेज में किया गया। जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्विज प्रतियोगिता में 12 इंटर कॉलेजों के कुल 72 प्रतिभागियों (छात्र/छात्राओं) ने प्रतिभाग किया। जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी, आगरा द्वारा क्विज प्रतियोगिता में आये समस्त प्रतिभागियों को टीबी एवं एचआईवी एवं एड्स के बारे में बताते हुये, लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। विजयी प्रतियोगियों को जिला क्षय रोग/एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजय गर्ग द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में एम०डी० जैन इण्टर कॉलेज के अध्यापक डॉ. अमित कुमार सिंह, महेश कुमार, चेतन कुमार द्वारा सहयोग किया गया।

## खुरपका-मुंहपका रोग नियंत्रण हेतु 45 दिवसीय निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू

एनएनआई

**आगरा।** खुरपका-मुँहपका रोग के नियंत्रण हेतु निशुल्क टीकाकरण की शुरूआत श्री मनीष बंसल, जिलाधिकारी महोदय एवं श्रीमती प्रतिभा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी महोदया तथा डा० डी०के० पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आगरा द्वारा कलैक्ट्रेट आगरा के प्रागण से पशुपालन विभाग के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की गयी। पशुओं में टीकाकरण कार्य हेतु 49 टीमें पशुपालन विभाग द्वारा बनायी गयी है जोकि गाँव-गाँव जाकर पशुओं में निशुल्क टीकाकरण करेंगी। टीकाकरण हेतु 622150 डोज टीका जनपद आगरा को प्राप्त हो चुका है। टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डा० विपिन कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। खुरपका-मुँहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 04 माह से कम आयु के पशुओं तथा 06 माह से अधिक अवधि के गर्भित पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाएगा। अतः पशुपालक निर्धारित मानकों का पालन करते हुए पात्र पशुओं का ही टीकाकरण कराकर अभियान को सफल बनाएं।

# योगी सरकार की बड़ी पहल, 'साथी पोर्टल' से डिजिटल हुआ यूपी का बीज व्यवसाय

- 31 जुलाई तक सभी बीज विक्रेताओं और उत्पादकों के लिए पोर्टल पर पंजीकरण हुआ अनिवार्य
- उत्पादन, सैम्पलिंग से लेकर बिक्री तक हर स्तर पर रहेगी पूरी पारदर्शिता और ट्रेसिबिलिटी

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र को पूरी तरह पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने और बीज के कारोबार में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रदेश में बीज व्यवसाय को डिजिटल कर दिया गया है। कृषि निदेशालय के निर्देशानुसार, अब राज्य में बीज उत्पादन, स्टॉक मैनेजमेंट, ट्रांसफर और बिक्री का पूरा कामकाज भारत सरकार द्वारा विकसित 'साथी पोर्टल' के माध्यम से किया जा रहा है। यह नई व्यवस्था पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत प्रदेश की सभी बीज उत्पादक संस्थाओं, सरकारी व अर्द्धसरकारी निगमों, कृषि विश्वविद्यालयों, निजी




फर्मों और एफपीओ को साथी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड होना होगा। अभिजनक बीज (ब्रीडर सीड) के उत्पादन से लेकर बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा पंजीयन, निरीक्षण, सैम्पलिंग, बीज परीक्षण, टैगिंग और पैकिंग तक की सभी प्रक्रियाएं इसी डिजिटल पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जा रही हैं। इसके अलावा सभी डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और सहकारी बीज बिक्री केंद्रों को भी पोर्टल पर ऑन बोर्ड किया जा रहा है। इससे किसानों को बेचे जाने वाले हर एक बीज के लॉट की पूरी पारदर्शिता बनी रहेगी और असली बीज की पहचान आसान होगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि साथी पोर्टल पर डिजिटल रूप से दर्ज स्टॉक और प्रतिष्ठान के भौतिक स्टॉक में किसी भी तरह का अंतर या भिन्नता मिलने पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। ऐसा पाए जाने पर बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968, बीज नियंत्रण आदेश 1983 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सुसंगत प्रावधानों के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों को जागरूक किया जा रहा है कि वे केवल पोर्टल से जुड़े पंजीकृत केंद्रों से ही बीज खरीदें। समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर एक मॉनिटरिंग और हेल्पलाइन सेल भी गठित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि उ. प्र. सरकार की मंशा के अनुसार किसानों को उच्च गुणवत्ता और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए 'साथी पोर्टल' गेम-चेंजर साबित हो रहा है। जनपद के सभी डीलर, रिटेलर और बीज विक्रेताओं को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे अनिवार्य रूप से इस पोर्टल पर पंजीकृत होकर स्टॉक मैनेजमेंट से लेकर किसान स्तर की बिक्री तक का सारा रिकॉर्ड डिजिटल रखें। समस्त बीज विक्रेता, कंपनी और प्रोसेसिंग यूनिट 31 जुलाई 2026 तक साथी पोर्टल पर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर लें, नही तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। जिले में कुल 1298 में से अब तक 303 विक्रेता पंजीकृत हो चुके हैं। यदि किसी भी स्तर पर पोर्टल के नियमों का उल्लंघन या स्टॉक में गड़बड़ी पाई गई, तो संबंधित फर्म के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा बूथ सम्मेलन में सशक्तिकरण पर मंथन

## खेरागढ़ और बाह में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जीत का संकल्प, संगठन मजबूत करने पर रहा जोर

एनएनआई

**खेरागढ़।** सरस्वती विद्या मंदिर, खेरागढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा खेरागढ़ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने कहा कि भाजपा का बूथ संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ है और बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने तथा हर बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में तकनीक संगठन का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल रूप से भी दक्ष होना होगा।सम्मेलन में भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगठनात्मक प्रशिक्षण, वैचारिक अध्ययन, पार्टी की नीतियों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न अभियानों की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही सभी बूथ अध्यक्षों और पदाधिकारियों से डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम से जुड़कर नियमित प्रशिक्षण लेने और तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

अंत में चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू' ने सम्मेलन में पधारे मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सेक्टर संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और बूथ ही भाजपा की विजय का सबसे मजबूत आधार है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक महेश गोयल, जिला प्रभारी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हरिओम रावत, कार्यक्रम संयोजक एवं नगर पंचायत खेरागढ़ चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू' सहित सैकड़ों वरिष्ठ पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

एनएनआई

**बाह।** विधानसभा बाह क्षेत्र के फरैरा में बुधवार को संपन्न हुए बूथ सम्मेलन में विधायक पक्षालिका सिंह ने बूथ अध्यक्षों से प्रत्येक मतदाता से निरंतर संपर्क बनाए रखने, केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा हर बूथ को मजबूत बनाने का आहवान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आहवान किया। मुख्य अतिथि फिरोजाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील टंडन ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानकर पूरी निष्ठा के साथ संगठन को सशक्त करने की अपील की। बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, मतदाता संपर्क अभियान की थाह ली और बूथ जीता, चुनाव जीता एवं मेरा बूथ सबसे मजबूत के संकल्प के साथ जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह राठौड ने विधानसभा चुनाव में जीत के संकल्प के साथ संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बूथ अध्यक्षों और समिति सदस्यों को आगामी चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए चुनावी गुर सिखाए, सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर स्थानीय समस्याओं को जाना एवं उन्हें दूर करने की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन सुनील बाबू, राकेश कुशवाह, रविन्द्र बघेल, श्याम शर्मा, रविन्द्र भदौरिया, राजेश गुप्ता, अरुन परिहार, उमेश सिसोदिया, रामवरन कुशवाह, पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक आदि रहे।



### हाईटेक होंगे बूथ, बनेंगे पन्ना प्रमुख

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा ने बूथों को हाईटेक बनाने में जुटी है। जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि प्रत्येक बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनेगा, सामाजिक समीकरण के आधार पर लोगों को जोड़ा जाएगा। पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे, लाभार्थियों की सूची तैयार की जा रही है। मतदाता सूची अपडेट कराने पर भी भाजपा का फोकस है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी संगठन प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचेगा।

## एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा

एनएनआई

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के 21 किलोमीटर स्थित टोल प्लाजा के मीटिंग हॉल में बुधवार को एक्सप्रेसवे की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पीआईयू-प्रथम के अधिशाषी अभियंता एस.पी. सिंह ने की।



बैठक में एक्सप्रेसवे की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और संचालन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। थाना फतेहाबाद पुलिस की ओर से दिए गए सुझावों एवं उठाई गई समस्याओं पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। अधिशाषी अभियंता एस.पी. सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि एक्सप्रेसवे पर यात्रियों को सुरक्षित और सुचारु आवागमन उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रथम आर.एन. सिंह, अवर अभियंता आशीष शर्मा, यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी राधामोहन द्विवेदी, थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, लुहारी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, आरई एस.के. चौधरी, एटलस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर गजेंद्र कौल, एसएसडी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, टेक्निकल ऑफिसर मोहित पुरी गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंतर-मंतर प्रदर्शन के बाद फतेहाबाद पुलिस अलर्ट

एनएनआई

**फतेहाबाद।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे प्रदर्शन के बाद फतेहाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। कस्बे के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। इसी को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एहतियात के तौर पर कस्बे में निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सपा व कांग्रेस नेताओं की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।



## युवक को कार से मारी टक्कर, कमरे में बंद कर पीटा, चोर बताकर पुलिस को सौंपा था

एनएनआई

**बाह।** कार से टक्कर मारने के बाद युवक को कमरे में बंधक बनाकर पीटे जाने एवं चोर बताकर पुलिस को सौंपे जाने के मामले में सच्चाई सामने आने पर पुलिस ने घायल का मेडीकल कराया था। पुलिस तहरीर की जांच कर रही है।

अशोक नगर नई बस्ती के रहने वाले राजकुमार ने पुलिस को बताया कि 14 जुलाई की रात 10.15 बजे दावत खाने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। लिफ्ट मांगे जाने पर एक युवक को नरहोली छोड़ने के लिए गया था। वापस लौटते समय जरार के पास पीछे से कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। हाथ, पैर बांध कर कार सवार एक घर में ले गये। छोड़ गये युवक को लेकर पूछताछ की। जानकारी के बाद छोड़े गये युवक की रंजिश में उसे कमरे में बंद कर लात, घूसे, डंडे, हॉकी, तमंचे की बट से पीटा। जिससे पैर में फ्रैक्चर हो गया। इतना ही नहीं उसे चोर बताकर पुलिस को सौंप दिया। सच्चाई सामने आने पर पुलिस ने मेडीकल कराया था। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। तहरीर पर बाह पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## घर पर नजरबंद किए भाकियू नेता

**बाह** एनएनआई। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली के किसान घाट पर देश बचाओ मोर्चा ने महा पंचायत एवं प्रदर्शन का ऐलान किया था। प्रदर्शन में शामिल होने से निकलने से पहले ही भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के राष्ट्रीय सचिव श्रवण सिंह भदौरिया को रामपुर चन्द्रसैनी स्थित घर पर पुलिस ने नजरबंद कर लिया। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील किसान विरोधी है। अमेरिका से सस्ते कृषि एवं डेयरी उत्पाद देश के बाजार में आने से घरेलू किसानों और छोटे व्यापारियों की आजीविका को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड डील निरस्त होने तक भाकियू एकजुट होकर किसानों के हक की लड़ाई लड़ेगी। संगठन का संघर्ष किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि किसान, मजदूर और आम जनता के अधिकारों का संघर्ष है।



## युवा पीढ़ी को नियमित भागवत सुने, प्रेम-संस्कार और सद्भाव का दिया संदेश

**बाह** एनएनआई। पथवारी माता मंदिर बाह पर चल रही भागवत कथा में बुधवार को दूसरे दिन प्रवचन करते हुए बाल विदुषी राधा शास्त्री ने ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ध्रुव चरित्र युवाओं को अपने जीवन में प्रेम, संस्कार, और सद्भाव अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से आहवान किया कि वे अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहें तथा नियमित रूप से कथा सुनने की आदत डालें, जिससे उनका चरित्र निर्माण और नैतिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को जब उनकी सौतेली मां सुरुचि ने गोद में बैठने से रोका और कठोर वचन कहे तो दुखी ध्रुव जब अपनी मां सुनीति के पास पहुंचे, तब उन्होंने धैर्य नहीं खोया। उन्होंने ध्रुव को सांसारिक मोह-माया से निकालकर भगवान नारायण की शरण में जाने का मार्ग दिखाया। मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव ने मधुवन में ऐसी कठोर तपस्या की जिससे तीनों लोक डगमगा गए। उनकी इस अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें ध्रुव तारा (अटल पद) का वरदान दिया। बाल विदुषी ने कहा कि ध्रुव चरित्र हमें सिखाता है कि भक्ति और एकाग्रता के लिए उम्र का कोई बंधन नहीं होता।


## संपादकीय

# उलझा है एनसीपी का मसला

शरद पवार अब उम्र के जिस पड़ाव पर हैं वहां से वे राजनीति को वैसे हैंडल नहीं कर पा रहे हैं, जैसा करते थे। फिलहाल उनको इस बात का एडवांटेज है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके प्रति सद्भाव रखते हैं। तभी महाराष्ट्र के भाजपा और शिव सेना नेताओं को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी ऐसा काम नहीं करना है, जिससे शरद पवार को परेशानी हो। यानी उनकी पार्टी का क्या होना है यह तय करने का मौका उनको देना चाहिए। अगर ऊपर से यह सद्भाव और दिशा निर्देश नहीं होता तो अब तक उनकी पार्टी टूट गई होती। उनकी पार्टी के आठ में से छह सांसद पाला बदलने को तैयार हैं और 10 में से छह विधायक भी पार्टी छोड़ने को तैयार हैं। एनसीपी का मामला सुलझाने में एक समस्या यह आ रही है कि भाजपा की सहयोगी एनसीपी यानी सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी का विवाद बढ़ गया है। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे खुल कर सामने आ गए हैं। दोनों सुनेत्रा पवार के राज्यसभा सांसद बेटे पार्थ पवार से परेशान हैं। पार्थ की ताकत तो बढ़ ही रही है लेकिन वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत का उनका तरीका भी पार्टी नेताओं को पसंद नहीं आ रहा है। जो नेता अजित पवार के दोस्त थे उनके साथ भी पार्थ का रवैया अच्छा नहीं है। उन्होंने पार्टी पर कंट्रोल बना लिया है। सुनेत्रा ने चुनाव आयोग को 11 लोगों की जो सूची भेजी उसमें सब परिवार या रिश्तेदार या पार्थ के दोस्त हैं। कहा जा रहा है कि सुनेत्रा इन नेताओं को अलग थलग रखना चाहती हैं और दूसरे वे शरद पवार की पार्टी के नेताओं को भी अपनी पार्टी में नहीं लेना चाहती हैं। सुनेत्रा पवार पूरी ताकत अपने हाथ में रखना चाहती हैं। वे चाहती हैं कि शरद पवार की पार्टी का उनकी पार्टी में विलय बिना शर्त हो। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री बनी रहेंगी और दिल्ली में भी उनके बेटे पार्थ पवार को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए। इस बात का विरोध उनकी पार्टी के नेता ही कर रहे हैं। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे दोनों केंद्र में मंत्री पद के दावेदार हैं। दूसरी ओर शरद पवार खेमा चाहता है कि सुप्रिया सुले दिल्ली में मंत्री बनें और राज्य में जितेंद्र पाटिल को वित्त मंत्रालय देकर शरद पवार गुट को भी सुनेत्रा पवार गुट के जितना महत्व दिया जाए। इस शर्त पर सुनेत्रा तैयार नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि सुनेत्रा और पार्थ पवार से नाराज नेताओं ने अमित शाह से बात की है। फिर देवेंद्र फड़नवीस तक इसकी सूचना पहुंची। उसके बाद फड़नवीस सक्रिय हुए। ध्यान रहे सुनेत्रा पवार की राजनीति फड़नवीस के हिसाब से चलती है। वे एनसीपी को एकनाथ शिंदे की शिव सेना के लिए चेक एंड बैलेंस के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के ऊपर जिम्मा है कि वे इस दोनों खेमे के साथ साथ शरद पवार गुट को भी ठीक तरीके से हैंडल करें। तभी दिल्ली से मुंबई तक लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इस मामले में एक प्लेयर एकनाथ शिंदे औ? श्रीकांत शिंदे हैं। वे तुरंत शरद पवार की पार्टी को तोड़ कर उनके सांसदों, विधायकों अपनी पार्टी में या भाजपा में शामिल करा देने को तैयार हैं। यह मराठा वोट का एकछत्र नेता बनने की जंग है। इस समय महाराष्ट्र में मराठा नेता की वैकेंसी बन गई है। शरद पवार की राजनीति का आखिरी अध्याय चल रहा है और अजित पवार का निधन हो गया है। उनकी पत्नी या परिवार का कोई दूसरा सदस्य अभी तुरंत उनकी जगह लेने के योग्य नहीं है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की शादी सदानंद सुले से हुई है, जिनकी जाति कायस्थ है। सुप्रिया की स्वीकार्यता मराठा राजनीति में नहीं होगी। सो, एकनाथ और उनके बेटे श्रीकांत शिंदे सबसे बड़े दावेदार हैं। लेकिन शरद पवार के पोते रोहित पवार ने शिंदे परिवार के लिए गंभीर चुनौती पेश की है। रोहित इस समय विधायक हैं और प्रदेश की राजनीति में शरद पवार के उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जा रहे हैं। रोहित राजनीति भी इसी अंदाज में कर रहे हैं। वे न तो सुनेत्रा पवार की पार्टी में अपनी पार्टी के विलय के पक्ष में हैं और न एनडीए के साथ जाने के पक्ष में हैं। उन्होंने परिसीमन का विरोध करने का ऐलान किया है। रोहित पवार ने कहा है कि परिसीमन से सीटें भले 50 फीसदी बढ़ जाएंगी लेकिन सरकार को मौका मिल जाएगा कि वह विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को अपने मनमाफिक आकार दे। इससे विपक्ष को नुकसान होगा। असल में रोहित पवार अपने दादा शरद पवार की राजनीति को बारीकी से समझ रहे हैं और उनको अंदाजा है कि मराठा, मुस्लिम और दलित मिला कर पश्चिमी महाराष्ट्र व मराठवाड़ा में राजनीति सफल हो सकती है। यह तभी होगा, जब पार्टी भाजपा के साथ जाने की बजाय स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखे। तभी प्रदेश में रोहित पवार की राजनीति पर नजर रखी जा रही है।




# नोटिफिकेशन से भटक रहा लोगों का ध्यान, दिमाग पर प्रभाव



आज के डिजिटल दौर में मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। काम, पढ़ाई, मनोरंजन और लोगों से जुड़े रहने के लिए हम घंटों स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार-बार आने वाले नोटिफिकेशन आपके दिमाग पर गहरा असर डाल सकते हैं? विशेषज्ञों के अनुसार, बार-बार मिलने वाले डिजिटल अलर्ट तनाव, एकाग्रता में कमी और मानसिक थकान का कारण बन सकते हैं। वर्ल्ड ब्रेन डे के मौके पर यह समझना जरूरी है कि तकनीक का इस्तेमाल हमारी सुविधा के लिए होना चाहिए, न कि हमारी मानसिक शांति को प्रभावित करने के लिए। आइए जानते हैं कि मोबाइल नोटिफिकेशन हमारे ब्रेन हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं और इससे बचने के आसान तरीके क्या हैं।

**मोबाइल नोटिफिकेशन कैसे प्रभावित कर रहे हैं आपका दिमाग?**

**बार-बार ध्यान भटकना**

हर नोटिफिकेशन के साथ दिमाग तुरंत अपना ध्यान बदलता है। इससे किसी काम पर लंबे समय तक फोकस करना मुश्किल हो सकता है। लगातार ध्यान बदलने की आदत से काम करने की क्षमता और एकाग्रता प्रभावित हो सकती है।

**दिमाग को नहीं मिलता आराम**

जिस तरह शरीर को आराम की जरूरत होती है, उसी तरह दिमाग को भी ब्रेक चाहिए। लगातार मोबाइल अलर्ट दिमाग को आराम करने का मौका नहीं देते, जिससे मानसिक थकान महसूस हो सकती है।

**नींद पर पड़ सकता है असर**

रात में आने वाले नोटिफिकेशन नींद को प्रभावित कर सकते हैं। सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल और बार-बार स्क्रीन चेक करने की आदत नींद की गुणवत्ता को कम कर सकती है।

**याददाश्त और सीखने की क्षमता पर असर**

लगातार डिजिटल डिस्ट्रैक्शन के कारण दिमाग किसी जानकारी को गहराई से समझने और याद रखने में परेशानी महसूस कर सकता है। खासकर बच्चों और युवाओं में यह आदत पढ़ाई और सीखने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है।

**मोबाइल नोटिफिकेशन से बचने के आसान तरीके**

गैर जरूरी ऐप्स के नोटिफिकेशन बंद करें।

दिन में कुछ समय के लिए फोन से दूरी बनाएं।

काम या पढ़ाई के दौरान फोन को साइलेंट मोड पर रखें।

सोने से कम से कम 30-60 मिनट पहले मोबाइल का इस्तेमाल कम करें।

सोशल मीडिया इस्तेमाल करने का समय तय करें।

दिन में मेडिटेशन, योग या आउटडोर एक्टिविटी के लिए समय निकालें।

**हमेशा याद रखें ये बात**


मोबाइल तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल दिमाग पर दबाव डाल सकता है। वर्ल्ड ब्रेन डे हमें याद दिलाता है कि ब्रेन हेल्थ को बेहतर रखने के लिए डिजिटल आदतों में संतुलन जरूरी है। स्मार्टफोन का इस्तेमाल करें, लेकिन अपनी मानसिक शांति और एकाग्रता की कीमत पर नहीं।

## खतरनाक है मोबाइल का अधिक इस्तेमाल

मोबाइल फोन हम सभी की जिंदगी का सबसे जरूरी हिस्सा बन चुका है। सुबह आंख खुलने से लेकर रात को सोने तक शायद ही कोई ऐसा पल होता हो, जब फोन हमारे हाथ से दूर रहता हो। लेकिन जितनी तेजी से मोबाइल का इस्तेमाल बढ़ा है, उसे लेकर कई रिपोर्ट्स लगातार चिंता जताती रही हैं। मोबाइल के इस्तेमाल से निकलने वाली ब्लू लाइट को नींद, ब्रेन हेल्थ के लिए नुकसानदायक बताया जाता रहा है। मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर लोगों के मन में एक बड़ा सवाल ये भी रहा है कि क्या घंटों मोबाइल पर बात करना या लंबे समय तक फोन का इस्तेमाल करना ब्रेन ट्यूमर या कैंसर के खतरे को भी बढ़ा देता है? सोशल मीडिया पर वायरल इससे संबंधित कई पोस्ट में दावा किया जाता रहा है कि मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन दिमाग को नुकसान पहुंचा सकता है। लंबे समय में इससे ब्रेन ट्यूमर होने का भी खतरा रहता है, क्या वास्तव में ऐसा है? इसको लेकर वैज्ञानिकों की एक टीम ने जरूरी जानकारी साझा की है, जो हर किसी को जरूर जाननी चाहिए। मोबाइल कई तरह की तरंगे निकालता है। हमारे चारों ओर भी विद्युत-चुंबकीय तरंगें मौजूद होती हैं। इन्हीं की मदद से हमें रेडियो पर गाने सुनने, वाई-फाई चलाने, जीपीएस (सैटेलाइट नेविगेशन) से रास्ता ढूंढने और मोबाइल फोन से बात करने की सुविधा देती हैं। ये तरंगें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन का ही एक हिस्सा हैं। रेडिएशन शब्द सुनकर अक्सर लोग डर जाते हैं, लेकिन हर तरह का रेडिएशन खतरनाक नहीं होता। मोबाइल फोन से निकलने वाली तरंगें इस स्पेक्ट्रम के सबसे कम ऊर्जा वाले हिस्से में आती हैं। यानी इनमें ऊर्जा बहुत कम होती है। चूंकि कई अध्ययनों में पाया गया है कि एक्स-रे जैसी हाई एनर्जी वाली किरणें कैंसर का खतरा बढ़ा सकती हैं, इसलिए लोगों यह चिंता बनी हुई है कि कहीं मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो तरंगें भी इंसानों के लिए नुकसानदायक तो नहीं हैं?

# जंतर-मंतर घटनाक्रम पर नसीरुद्दीन शाह ने जताई चिंता

अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों, विशेषकर विद्यार्थियों के साथ हुई कार्रवाई पर चिंता व्यक्त करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सामाजिक माध्यम पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में विद्यार्थियों के प्रति समर्थन



जताया और उनसे हिम्मत बनाए रखने की अपील की। अपने संदेश में अभिनेता ने कहा कि देश के युवाओं और विद्यार्थियों से उन्हें हमेशा उम्मीद रही है। उन्होंने शिक्षा जगत में योगदान देने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष कर रहे युवाओं को निराश नहीं होना चाहिए। यह प्रतिक्रिया जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच सामने आई है। राजधानी में हाल के दिनों में प्रदर्शन और उससे जुड़े घटनाक्रम चर्चा का विषय बने हुए हैं, जिनका प्रभाव अन्य महानगरों में भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि 18 जुलाई को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को अनिश्चितकालीन अनशन के दौरान स्वास्थ्य संबंधी कारणों और न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में प्रदर्शन स्थल से अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद विरोध-प्रदर्शनों में तेजी आई। शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन जारी हैं। 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके बाद कई स्थानों पर विरोध और तेज हो गया। इसी क्रम में सोनम वांगचुक ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकल्प दोहराया है। प्रदर्शनकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार और विभिन्न मांगों को लेकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

# 'जन नायकन' : विजय के अभिनय सफर को समर्पित भावनात्मक विदाई

अभिनेता विजय की नई फिल्म 'जन नायकन' को उनके लंबे अभिनय सफर की भावनात्मक विदाई के रूप में देखा जा रहा है। निर्देशक एच. विनोथ के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक्शन, भावनाओं और सामाजिक संदेशों का संतुलित मिश्रण प्रस्तुत करती है। फिल्म की कहानी पूर्व पुलिस अधिकारी वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अतीत को पीछे छोड़कर शांत जीवन जीना चाहता है। वह एक युवती की जिम्मेदारी संभालता है




और उसे आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करता है। परिस्थितियां तब बदल जाती हैं जब उसका एक पुराना प्रतिद्वंद्वी उसके जीवन में लौट आता है। इसके बाद कहानी संघर्ष, रिश्तों और कर्तव्यबोध के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। निर्देशक ने कथा में संघर्ष, संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है। फिल्म नेतृत्व, जन-जागरूकता, जिम्मेदारी और समाज में सकारात्मक बदलाव जैसे विषयों को भी सामने लाती है। अभिनेता विजय ने मुख्य भूमिका में प्रभावशाली अभिनय किया है। उनके किरदार में दृढ़ता, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास का संतुलित चित्रण देखने को मिलता है। फिल्म के कई दृश्य उनके अभिनय कौशल और लंबे अनुभव की झलक प्रस्तुत करते हैं। फिल्म में अभिनेत्री ममिता बैजू ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनके और विजय के बीच का भावनात्मक संबंध कहानी की प्रमुख ताकत बनकर उभरता है। इसके अलावा पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, प्रकाश राज, गौतम वासुदेव मेनन तथा प्रियामणि ने अपने-अपने किरदारों को प्रभावी ढंग से निभाया है। फिल्म लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता और जनहित के विषयों को रेखांकित करती है। कई दृश्य समाज में सकारात्मक सोच, शिक्षा और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देते हैं। कुल मिलाकर 'जन नायकन' केवल एक मनोरंजक फिल्म नहीं, बल्कि विजय के अभिनय जीवन और उनके प्रशंसकों के साथ बने लंबे रिश्ते को समर्पित एक भावनात्मक प्रस्तुति है। एक्शन, संवेदनशील कथा और मजबूत अभिनय के कारण यह फिल्म दर्शकों के लिए विशेष अनुभव साबित हो सकती है।


# रियलिटी कार्यक्रम 'द अलायंस' में कशिश कपूर की विशेष प्रविष्टि, बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

अभिनेत्री और रियलिटी कार्यक्रमों की प्रतिभागी कशिश कपूर लोकप्रिय कार्यक्रम 'द अलायंस' में विशेष प्रतिभागी के रूप में शामिल होने जा रही हैं। माना जा रहा है कि उनकी प्रविष्टि से कार्यक्रम में नई रणनीतियां और नए समीकरण देखने को मिल सकते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन अभिनेता कुणाल खेमू कर रहे हैं। कार्यक्रम में पहले से कई चर्चित हस्तियां भाग ले रही हैं और अब कशिश कपूर के जुड़ने से प्रतिस्पर्धा और रोचक होने की संभावना है। एक साक्षात्कार में कशिश कपूर ने कहा कि कार्यक्रम के इस चरण में शामिल होना उनके लिए उत्साहपूर्ण अनुभव है। उनके अनुसार अधिकांश प्रतिभागी अपनी-अपनी रणनीतियां बना चुके हैं, लेकिन एक नया प्रतिभागी पूरे माहौल को बदल सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह अपने निर्णयों और समझ के बल पर कार्यक्रम में अलग पहचान बनाएंगी। कशिश ने कहा कि वह सभी प्रतिभागियों को समझने, अपने संबंध स्थापित करने और आवश्यकता पड़ने पर मौजूदा समीकरणों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि प्रतिस्पर्धा में सक्रिय भूमिका निभाना ही सफलता की कुंजी है। गौरतलब है कि कशिश कपूर इससे पहले भी कई चर्चित रियलिटी कार्यक्रमों में हिस्सा ले चुकी हैं और अपनी स्पष्ट राय तथा मजबूत उपस्थिति के कारण दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर चुकी हैं। ऐसे में दर्शकों की निगाहें अब उनके नए सफर पर टिकी हैं। दर्शकों के बीच यह उत्सुकता बनी हुई है कि कशिश कपूर की प्रविष्टि कार्यक्रम की दिशा और प्रतिभागियों की रणनीतियों पर कितना प्रभाव डालती है।



### चार दिन के कार्य सप्ताह पर बोले विक्रांत मैसी

# भारत को अभी लंबा सफर तय करना है



अभिनेता विक्रांत मैसी ने चार दिन के कार्य सप्ताह और कार्य-जीवन संतुलन को लेकर चल रही चर्चा पर अपनी राय व्यक्त की है। उनका मानना है कि कुछ विकसित देशों में यह व्यवस्था सफल हो सकती है, लेकिन भारत की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों में इसे अपनाना अभी चुनौतीपूर्ण है। अपनी आगामी श्रृंखला 'मुसाफिर कैफे' के प्रचार के दौरान बातचीत में विक्रांत मैसी ने कहा कि भारत अभी विकास के दौर से गुजर रहा है और देश को अपनी संभावनाओं को साकार करने के लिए आने वाले वर्षों में निरंतर मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा लोकतंत्र और उभरती अर्थव्यवस्था है, जिसके सामने अनेक लक्ष्य हैं। ऐसे में देश को आगे बढ़ाने और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करने के लिए परिश्रम को प्राथमिकता देनी होगी। मनोरंजन जगत में कार्य अवधि पर चर्चा करते हुए अभिनेता ने कहा कि यह क्षेत्र संसाधनों और निवेश के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण है। कई बार निर्धारित समय से अधिक काम करना पड़ता है, क्योंकि निर्माण प्रक्रिया अनेक व्यावहारिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है। कार्य क्षेत्र की बात करें तो विक्रांत मैसी जल्द ही रोमांटिक नाट्य श्रृंखला 'मुसाफिर कैफे' में दिखाई देंगे। इस श्रृंखला में प्रेम, भावनात्मक संघर्ष और आत्म-खोज जैसे विषयों को प्रस्तुत किया गया है। अभिनेता ने इसकी कहानी और पटकथा की सराहना करते हुए कहा कि इस भूमिका ने उन्हें अभिनय के नए अनुभव प्रदान किए हैं। निर्देशक रुचिरा अरुण के निर्देशन में बनी इस श्रृंखला में महिमा मकवाना और वेदिका पिंटो भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी। श्रृंखला 24 जुलाई को दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

# भारत-जिम्बाब्वे टी20 सीरीज आज से

## श्रेयस अय्यर की अगुआई में जीत की तलाश



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आज से जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में नई शुरूआत करने उतरेगी। हरारे में खेले जाने वाले पहले मुकाबले में कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम इंडिया जीत के साथ सीरीज का आगाज करना चाहेगी। वहीं मेजबान जिम्बाब्वे की कमान अनुभवी ऑलराउंडर सिकंदर रजा के हाथों में होगी।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच अब तक 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 11 मैच जीते हैं, जबकि जिम्बाब्वे को 3 जीत मिली हैं। हालांकि घरेलू परिस्थितियों में जिम्बाब्वे को हल्के में नहीं लिया जा सकता। भारतीय टीम की नजरें युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर रहेंगी। वहीं रिंकू सिंह और तिलक वर्मा मध्यक्रम को मजबूती देंगे। पहला टी20 मुकाबला 23 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। मैच शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा, जबकि टॉस 4 बजे होगा। भारतीय टीम इस सीरीज को भविष्य की तैयारियों के लिहाज से भी अहम मान रही है, जहां कई युवा खिलाड़ियों के पास अपनी प्रतिभा साबित करने का सुनहरा अवसर होगा।

# इंटर मियामी ने शिकागो फायर को 3-2 से हराया, सुआरेज बने जीत के नायक



**मियामी।** इंटर मियामी सीएफ ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) रेगुलर सीजन में शानदार वापसी करते हुए शिकागो फायर एफसी को 3-2 से हराया। घरेलू मैदान पर मिली इस जीत के साथ इंटर मियामी ने लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इंटर मियामी की इस जीत के नायक स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज रहे, जिन्होंने मुकाबले में दो गोल दागे। वहीं, युवा खिलाड़ी प्रेस्टन प्लैम्बेक ने भी एक महत्वपूर्ण गोल करते हुए टीम की जीत में अहम योगदान दिया। शिकागो फायर के खिलाफ इस मुकाबले में सुआरेज ने अपने करियर की दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने इंटर मियामी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 100 मैच पूरे किए और क्लब के लिए 50 गोल करने का आंकड़ा भी पार किया। वह इंटर मियामी के इतिहास में ऐसा करने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। शिकागो फायर के लिए मैच की शुरूआत शानदार रही और 18वें मिनट में ही 1-0 की बढ़त बना ली। शिकागो को यह बढ़त इंटर मियामी के एक खिलाड़ी द्वारा किए गए अपने ही गोल की बदौलत मिली। इसके बाद इंटर मियामी ने मैच में वापसी की शुरूआत की। 26वें मिनट में शिकागो के डिफेंडर जैक इलियट ने बॉक्स के अंदर रुइज को फाउल कर दिया, जिसके बाद इंटर मियामी को पेनल्टी मिली। इस मौके को सुआरेज ने बेहतरीन तरीके से भुनाया और गोल दागते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यह इस रेगुलर सीजन में उनका सातवां गोल रहा। दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया और 51वें मिनट में सुआरेज ने अपना दूसरा गोल किया। इस गोल में जर्मन बटेर्राम की भी अहम भूमिका रही। बटेर्राम ने शानदार बैकहील असिस्ट देकर सुआरेज के लिए बेहतरीन मौका बनाया, जिसके बाद सुआरेज ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया।

इस गोल के साथ सुआरेज के एमएलएस रेगुलर सीजन में 8 गोल हो गए हैं। उन्होंने पिछले दो लीग मैचों में पांच गोल करके अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी है। वहीं, बटेर्राम के नाम भी इस सीजन में पांच असिस्ट हो गए हैं। हालांकि, शिकागो फायर ने हार नहीं मानी और 67वें मिनट में फॉरवर्ड पुसो डिथेजाने के गोल की मदद से स्कोर 2-2 कर दिया।

इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में इंटर मियामी ने तीसरा गोल करते हुए अपनी जीत पक्की कर ली। क्लब के लिए यह गोल युवा मिडफील्डर प्रेस्टन प्लैम्बेक ने 87वें मिनट में किया। मियामी की अकादमी से निकलकर आए प्लैम्बेक 69वें मिनट में मैदान पर उतरे थे और उन्होंने सुआरेज के शॉट के बाद मिले रिबाउंड पर तेजी दिखाई और करीब से शानदार गोल किया। प्लैम्बेक का यह एमएलएस और इंटर मियामी की ओर उनका पहला गोल रहा।

### वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप

# अनाहत ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट, डॉयस ये सैन को दी मात



**ओंटारियो।** भारत की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड स्क्वैश जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। टूनार्मेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की डॉयस ये सैन ली को सीधे गेम में हराया। पिछले साल इस प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली अनाहत ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 11-4, 11-8 और 11-3 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना मिस्त्र की 5/8 सीड खिलाड़ी हबीबा रिजक से होगा। महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में भी कई रोमांचक मैच देखने को मिले। मिस्त्र की हबीबा रिजक ने अमेरिका की शार्लेट जे को चार गेम के मुकाबले में हराकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं, बेल्जियम की सवाना मोक्सहैम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए हांगकांग की एना क्वांग को 3-1 से हराया। मिस्त्र की मलिका एलकाराक्सी ने अमेरिका की दिया यादव को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष वर्ग में भी कई अहम मुकाबले खेले गए। टॉप सीड मोहम्मद जकारिया ने पाकिस्तान के नौमान खान को हराकर अगले दौर में जगह बनाई, तो फ्रांस के अमीर खालिद-जौसेलिन ने इंग्लैंड के रॉनी हिकलिंग को सीधे गेम में हराया, जबकि हांगकांग की हेलेन टैंग ने मलेशिया की हार्लीन टैन को मात दी।

हालांकि, पुरुष वर्ग में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। भारत के आर्यवीर दीवान, जो टूनार्मेंट में 5/8 सीड खिलाड़ी थे, उन्हें अमेरिका के यासीन शलाबी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अमेरिकी खिलाड़ी ने आर्यवीर को 11-4, 11-1 और 11-5 से हराया। यह आर्यवीर के लिए निराशाजनक परिणाम रहा, क्योंकि वह मौजूदा एशियाई अंडर 19 चैंपियन हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।

इसके अलावा, ब्राजील की लौरा सिल्वा को मलेशिया की व्हिटनी विल्सन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

वहीं, सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान ने इंग्लैंड के डायलन रॉबर्ट्स को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वर्ल्ड स्क्वैश जूनियर चैंपियनशिप 2026 में व्यक्तिगत मुकाबले 20 से 25 जुलाई तक खेले जा रहे हैं। इसके बाद 26 से 31 जुलाई तक पुरुष और महिला टीम प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। भारतीय पुरुष टीम इस टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ उतरेगी। पिछले साल काहिरा में टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था, जिससे भारत का 13 साल से चला आ रहा पदक का इंतजार खत्म हुआ था।

## गुरुवार, 23 जुलाई राशिफल

मेष: आज साझेदारी और रिश्तों के सहारे पुराने लक्ष्य पूरे करने का मौका मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिलेगी और जीवनसाथी का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा। आर्थिक मामलों में समझदारी से लिया गया फैसला लाभ देगा।

वृष: आज नौकरी और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। धैर्य और अनुशासन के साथ किए गए काम आपको अच्छे परिणाम देंगे। आर्थिक मामलों में स्थिरता बनी रहेगी और परिवार का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने काम को पूरा करने का अवसर मिल सकता है।

मिथुन: शिक्षा, संतान और करियर से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। नई योजनाओं पर काम शुरू करने से पहले अच्छी तरह विचार करें। लेन-देन और निवेश में सावधानी रखें। दोस्तों और भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

कर्क: घर-परिवार से जुड़ी कोई सुखद खबर मन खुश कर सकती है। संपत्ति या वाहन से जुड़े मामलों में प्रगति के संकेत हैं। कार्यस्थल पर आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। नई शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है।

सिंह: आज भाई-बहनों और करीबी लोगों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना है। नई जिम्मेदारियां आपको आगे बढ़ने का मौका देंगी। खर्चों पर नियंत्रण रखें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी पुराने रुके काम में सफलता मिल सकती है।

कन्या: परिवार का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आर्थिक लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए आज का दिन अनुकूल है। नौकरी और व्यापार में पुराने प्रयासों का लाभ मिलेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भविष्य में काम आएगी।

तुला: आज आपका व्यक्तित्व आकर्षण का केंद्र रहेगा और आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। लंबे समय से रुके काम पूरे होने के योग हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को महत्व मिलेगा।

वृश्चिक: आज रिश्तों में संतुलन बनाए रखना सबसे जरूरी रहेगा। करियर में धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ें, जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। अपने लिए थोड़ा समय निकालें और मानसिक शांति बनाए रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

धनु: मित्रों और शुभचिंतकों का सहयोग आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। करियर में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। यात्रा या नई योजना पर काम शुरू करने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। बड़े फैसलों में धैर्य रखें।

मकर: करियर से जुड़ी बाधाएं दूर हो सकती हैं और मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ आपको नई ऊर्जा देगा। निवेश सोच-समझकर करें।

कुंभ: धर्म-कर्म, शिक्षा और नई सीख की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा और यात्रा के योग बन सकते हैं। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से बचें। सकारात्मक सोच आपको सफलता दिलाएगी।

मीन: आज बजट बनाकर चलना आपके लिए सबसे बेहतर रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें और किसी भी लालच में आकर निर्णय न लें। करियर में धैर्य रखने से अच्छे परिणाम मिलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और रुके हुए काम धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# पीएम मोदी पर क्या बोले !

## महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज



योगी आदित्यनाथ को बताया देश का भविष्य

एनएनआई (डॉ. सज्जन सागर की रिपोर्ट)

**आगरा।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज आगरा पहुंचे। शहर के होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में डॉ. सज्जन सागर से एक विशेष वार्ता में उन्होंने देश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों पर विस्तार से अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन, उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, अयोध्या श्रीराम मंदिर, मथुरा श्रीकृष्ण जन्मस्थली विवाद और वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई अपनी चर्चित भविष्यवाणी सहित कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन पर बोले- विदेशी ताकतें भारत को अस्थिर करना चाहती हैं

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन को लेकर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में देश के हालात चिंताजनक हैं। उनका दावा था कि भारत के भीतर एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसे विदेशों से आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फंडिंग का उद्देश्य विकास या सामाजिक कल्याण नहीं, बल्कि देश के भीतर अस्थिरता और अशांति का माहौल पैदा करना है।

उन्होंने कहा कि ऐसी शक्तियों का मकसद भारत के अंदर ऐसे एजेंट तैयार करना है, जो देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर सकें। उनके अनुसार, इस प्रकार के प्रयास श्रीलंका और नेपाल जैसे देशों में सफल रहे हैं, लेकिन भारत में उन्हें सफलता नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भारत का समाज मूल रूप से आस्था और अध्यात्म से जुड़ा समाज है। कुछ समय के लिए लोग भ्रमित हो सकते हैं, लेकिन अंततः सत्य को समझकर ऐसे प्रयासों को अस्वीकार कर देंगे। स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और वर्तमान सरकार ने विश्व मंच पर देश की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। उनका कहना था कि कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां भारत की बढ़ती ताकत और विकास से असहज हैं और उसी का परिणाम देश के भीतर इस प्रकार के आंदोलन और प्रदर्शन के रूप में दिखाई देता है।

उन्होंने यह भी कहा कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले लोगों की भाषा और उनके वक्तव्यों को देखकर यह समझा जा सकता है कि वे राष्ट्रहित में काम कर रहे हैं या नहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की सराहना करते हुए स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पूरी दुनिया के लिए सुशासन का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले जिस उत्तर प्रदेश की पहचान कानून-व्यवस्था की समस्याओं के कारण होती थी, आज वही प्रदेश विकास, निवेश और बेहतर प्रशासन के कारण नई पहचान बना रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है और प्रदेश में विकास कार्यों को गति दी है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्षों से प्रदेश में बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है।

स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि देश की जनता योगी आदित्यनाथ को केवल उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि देश के भविष्य के नेता के रूप में भी देख रही है। उनके अनुसार, योगी आदित्यनाथ में राष्ट्रीय नेतृत्व संभालने की क्षमता है और भविष्य में वे देश को नई दिशा देने में सक्षम हो सकते हैं।

### अखिलेश यादव पर साधा निशाना

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि उनका सनातन धर्म के प्रति वर्तमान रुख अवसरवादी राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के विचार और आचरण में वास्तविक परिवर्तन हो तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन केवल राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म का नाम लेना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता सब कुछ देख रही है और केवल धार्मिक भावनाओं का उपयोग कर राजनीति करना लंबे समय तक सफल नहीं हो सकता।

### श्रीराम मंदिर में चोरी की घटना पर जताई चिंता

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान राशि चोरी की घटना पर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल किसी एक संस्था या संत का नहीं, बल्कि पूरे देश और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसलिए इसकी व्यवस्था अत्यंत मजबूत और पारदर्शी होनी चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि श्रीराम मंदिर के संचालन के लिए वैष्णो देवी और तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर एक सशक्त प्रशासनिक तंत्र विकसित किया जाए, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### श्रीकृष्ण जन्मस्थली विवाद पर कही यह बात

मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थली को लेकर पूछे गए प्रश्न पर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि मुगलकाल के दौरान अनेक मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया था और श्रीकृष्ण जन्मस्थली से जुड़े विवाद का समाधान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित पक्षों को आपसी समझ और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

### 2022 की भविष्यवाणी पर बोले- '2026 पूरा होने दीजिए'

**वार्ता के दौरान वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई उनकी चर्चित भविष्यवाणी के बारे में भी सवाल पूछा गया। इस पर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा, 'अभी 2026 चल रही है। इसे पूरा होने दीजिए, सब सामने आ जाएगा।'**

**गौरतलब है कि वर्ष 2022 में स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज का एक बयान काफी चर्चा में आया था, जिसमें उन्होंने वर्ष 2026 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद छोड़ने या इस्तीफा देने जैसी बात कही थी।**

